अमर उजाला 01/10/2025

# शिविर में समाजसेवा पर दिया बल

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से एक दिवसीय शिविर लगाया गया। शिविर राजकीय स्कूल खुड्डा कलां में आयोजित किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य एनएसएस छात्रों को समाज सेवा और सामुदायिक विकास की दिशा में प्रशिक्षित करना रहा। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों में समाज सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा। शिविर के आयोजक एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चंद्रपाल पूनिया और डॉ. पिंकी गुप्ता ने भी संबोधित किया। इसके अलावा कॉलेज में महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने किया। संवाद